संक्षिप्त

अनुडाकपाल के खिलाफ मामला

उदयपुर, (कासं)। सायरा थाना पुलिस ने अनुडाकपाल के खिलाफ पीडिता के खाते से नकदी निकाल हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित प्रवर अधीक्षक डाकघर मण्डल ने सायरा नांदेश्मा स्थित डाक विभाग के अनु डाकपाल लादुराम हाल डाक सहायक शास्त्री सर्कल उपडाकघर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि सायरा में रहते हुए आरोपी ने खाताधारक लीला देवी श्रीमाली पत्नी सुरेश श्रीमाली के खाते से 17 जनवरी 24 से 18 मार्च 24 तक टुकड़ों टुकड़ों में 6 लाख 50 हजार रूपये निकाल लिए। गत दिनों डाकघर पहुंचने पर इसकी जानकारी मिलने पर शिकायत की थी। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

साहू निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

उदयपुर, (कासं)। बापू बाजार व्यापारी संघ की साधारण सभा की बैठक मे सुखलाल साहू पुनः निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। यह जानकारी देते हुए महामंत्री नरेंद्र जैन ने बताया कि बैठक मे उपस्थित व्यापारियो ने सर्व सम्मति से सुखलाल साहू को पुनः अध्यक्ष चुनते हुए उन्हे नवीन कार्यकारिणी के गठन का अधिकार दिया। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद साहू ने सुखचेन सिंह कण्डा व राजेन्द्र पारिख को संरक्षक व नरेन्द्र जैन को पुनः महामंत्री मनोनीत किया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर दो दिवसीय प्रदर्शनी शुरू

उदयपुर, (कासं)। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर की ओर से डबोक स्थित लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ आज जिला प्रमुख ममता कुँवर एवं मावली विधायक पुष्कर डांगी द्वारा फिता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उदयपुर की जिला प्रमुख ममता कुँवर

- **राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार वल्लभ भाई पटेल को समर्पित : ममता कुँवर**

ने कहा कि हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। यह दिन महान व्यक्तित्व वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल को समर्पित है जिन्होंने बिखरे रियासतों के भारत को एक सूत्र में पिरोया। उन्होंने उपस्थित युवाओं से सरदार पटेल की अदम्य इच्छाशक्ति से प्रेरणा लेकर देश हित में कार्य करने का आहवाहन भी किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री मोदीके नेतृत्व में निरंतर यह प्रयास कर रही है कि लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में समाज के अंतिम छोर पर स्थित व्यक्ति तक पहुंचे।

मावली विधायक पुष्कर डांगी ने कहा कि सरदार पटेल ना सिर्फ भारत के पहले उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री थे, बल्कि 'भारत के लौह पुरुष' के रूप में उस एकता के प्रतीक भी है, जिसने आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्होंने कहा कि गुजरात स्थित स्टैचू ऑफ यूनिटी भारत की अखंडता एवं एकता की परिचायक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमें याद दिलाता है कि भारत की असली पहचान उसकी विविधता में निहित है यानी भाषा, संस्कृति, धर्म, परिधान सब अलग, लेकिन आत्मा एक।इस अवसर पर लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ अमित दवे ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, एवं आदर्शों के बारे में उपस्थित जन समूह को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग, उदयपुर के अधीक्षक स्वरूप सिंह, ने उपस्थित दर्शकों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर के बारे में जानकारी दी, साथ ही भारत सरकार द्वारा लागू किए गए नवीन जीएसटी सुधारों के बारे में उन्होंने कहा कि इन सुधारों से जीएसटी चोरी एवं फर्जी बिलिंग रोकने में काफी मदद मिलेगी।

कार्यक्रम की शुरुआत में विभाग के क्षेत्रीय प्रचार सहायक रवि योगी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विभाग की गतिविधियों एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित की जा रही दो दिवसीय प्रदर्शनी के उद्देश्यों के बारे में उपस्थित जनसमूह को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के पूर्व विभाग द्वारा विद्यार्थियों के बीच राष्ट्रीय एकता दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई। साथ ही कार्यक्रम के दौरान दी गई विभिन्न जानकारी के आधार पर उपस्थित दर्शकों के बीच मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। सभी प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रतिभागियों को विभाग की ओर से पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रचार सहायक नरेश कुमार ने किया।

लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर दो दिवसीय प्रदर्शनी शुरू हुई।

महिला थाना व आईआईएम का कराया शैक्षणिक भ्रमण

उदयपुर, (कासं)। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बालिका सशक्तिकरण हेतु जिले की 60 किशोरी बालिकाएं/साथिन को गुरूवार को आईआईएमयू, उदयपुर संस्थान का भ्रमण कराया गया। इसमें ब्लॉक गोगुंदा, गिर्वा, मावली की बालिकाओं ने भाग लिया। आईआईएम के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उदय भास्कर ने बालिकाओं को आईआईएम (भारतीय प्रबंधन संस्थान) उदयपुर का इनक्यूबेशन सेंटर के उदयपुर के बारे में बताया कि आईआईएम यह स्थित एक गैर-लाभकारी संस्था है, जो उद्यमियों को उनके स्टार्टअप्स को विकसित करने में मदद करती है। यह सेंटर नवाचार को बढ़ावा देता है और स्टार्टअप्स को कार्यालय स्थान, मार्गदर्शन, नेटवर्किंग और निवेशकों से संपर्क सहित विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान करता है।

आईआईएम के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गजेंद्र सिंह राणावत द्वारा बालिकाओं को आईआईएम में प्रवेश प्रक्रिया, अकादमिक भवन, प्रशासनिक भवन, पुस्तकालय, क्लासरूम प्रणाली, अध्ययन पद्धति आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इससे पूर्व बालिकाओं ने महिला थाना उदयपुर का भ्रमण कर पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली और महिला सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न प्रावधानों से अवगत कराया। महिला संरक्षण एवं महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र के बारे में उपस्थित परामर्शदाता पुष्पलता एवं कुलाशा ने घरेलु हिंसा से महिला संरक्षण के प्रकरणों की कार्यवाही साझा की।

सार-समाचार

लापता तीन बालक दस्तियाब

उदयपुर, (कासं)। घर से लापता हुए तीन बालकों को झाड़ोल थाना पुलिस ने दस्तियाब किए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 अक्टूबर को झाड़ोल कस्बे के बदराणा गांव से प्यारचंद पुत्र लक्ष्मण, राकेश पुत्र अंबालाल, गणेश पुत्र रमेश बिना बताए घर से चले गए। तीनों झाड़ोल स्थित विद्यालय की कक्षा आठवीं में पढते है। इसका पता चलने पर परिजनों ने तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगने पर 29 अक्टूबर को बदराणा निवासी लक्ष्मण पुत्र विरमा गोरणा ने झाड़ोल पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेशग गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उपअधीक्षक नेत्रपाल सिंह के सुपरविजन में झाड़ोल थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में अनुसंधान अधिकारी महेन्द्र सिंह ने पडताल को तीनों को उदयपुर एमबी चिकित्सालय के समीप चेतक सर्कल से दस्तियाब किया है। जिन्हें पूछताछ के बाद सीडब्ल्यूसी में पेश किया जावेगा।

सांवलिया जी सेठ के किए दर्शन

मंडफिया, (निसं)। राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर ध्यान योगी उत्तम स्वामी जी महाराज ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। मंदिर पुजारी ने तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। दर्शन पश्चात राष्ट्रीय संत उत्तम स्वामी जी का मंदिर कार्यालय में मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव ने उपरना ओढ़ाकर भगवान का महाप्रसाद एवं तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। अध्यक्ष वैष्णव ने राष्ट्रीय संत उत्तम स्वामी जी महाराज को मंदिर इतिहास एवं विकास कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर आलोक रंजन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक रायका सहित मंदिर कर्मचारी एवं अन्य उपस्थित थे।

लाखों की नकदी हड़पी

उदयपुर, (कासं)। अम्बामाता थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी कर पीडित व उसके परिजनों से लाखों की नकदी हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्रापत जानकी के अनुसार पीडित की कुमार मेनारिया पुत्र जगदीश चन्द्र मैनारिया निवासी चोरवड़ी नई बावड़ी पानेरियों की मादड़ी ने आरोपी बाबूलाल पुत्र मोडीलाल सेन निवासी हिरणमगरी सेक्टर 4 हॉल एकलिंगपुरा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि आरोपी से पन्द्रह वर्ष से संपर्क होने से उसने मेरा व परिवार का विश्वास जीत लिया। कुछ दिनों पूर्व आरोपी ने निजी काम से रूपयों की आवश्यकता होने पर उसने सहेलियों की बॉडी स्थित अपनी दुकान साजन हेयर सेलुन बेचने का इकरार किया तथा 14 लाख रूपये ले लिए। कुछ समय बाद मुझसे टुकड़ों टुकडों में करीब 30 लाख रूपये, जितेन्द्र से 25 लाख ले लिए तथा पिता से भी आरोपी ने लाखों रूपये वसूल लिए।

पांच सौ स्वेटर वितरित किए

उदयपुर, (कासं)। वनांचल शिक्षा समिति, उदयपुर द्वारा संचालित फूलचंद लोढा आदर्श विद्या मंदिर, देवास में गुरुवार को विद्यार्थियों के लिए सर्दी से बचाव हेतु स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ।राउंड टेबल इंडियाए उदयपुर शाखा अर्पित लोढा एवं अरिहंत दोषी ने विद्यालय के भैया.बहिनों को स्वेटर वितरित किए। इस अवसर पर भामाशाहों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ देते हुए विद्यालय को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में मोहन विद्या आश्रम, कोल्यारी एवं डईया में भी विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। इन अवसरों पर राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री जगदीश कुलमी एवं वनांचल शिक्षा समिति के कुंजबिहारी ने उपस्थित रहकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। तीनों शिक्षण केंद्रों में लगभग 500 विद्यार्थियों को सर्दी से राहत हेतु स्वेटर वितरित किए गए।

उदयपुर में खेले जाएंगे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स

उदयपुर, (कासं)। इस साल लेकसिटी में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के सफल आयोजन की तैयारियां प्रशासनिक स्तर पर जोरशोर से शुरू हो गई हैं। इस आयोजन को लेकर राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। संभागीय आयुक्त एवं कार्यवाहक जिला कलेक्टर प्रज्ञा केवलरमानी ने बताया कि विभिन्न विभागों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सफल आयोजन हेतु गठित समितियों द्वारा आयोजन से जुड़ी सभी तैयारियों जैसे आवास, भोजन, परिवहन, चिकित्सा, सुरक्षा और सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जा रही है। प्रतियोगिताओं के सुचारू संचालन के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूरी की जाएं।

नव नियुक्त कुलगुरू का स्वागत

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं अभियांत्रिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर पेंशनर्स वेलफेयर सोसायटी पदाधिकारियों ने आज नवनियुक्त कुलगुरू डाक्टर प्रताप सिंह धाकड का स्वागत किया। प्रवक्ता वीरेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि पेंशनर्स वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष डाक्टर सुरेन्द्र कुमार भटनागर के नेतृत्व में सोसायटी के पदाधिकारियों ने कुलगुरू डाक्टर प्रताप सिंह धाकड का उपरणा धारण करवाया तथा माल्यार्पण करके व श्रीनाथ जी का प्रसाद व श्रीफल भेंट कर भावभीना स्वागत किया।कुलगुरू डाक्टर प्रताप सिंह धाकड ने पेंशनर्स पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय के 1443 पेंशनर्स, जिनमें लगभग 400 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व विधवाओं की पेंशन समस्या के स्थाई समाधान हेतु वे दिल से हरसंभव प्रयास करेंगे

अवैध शराब से भरे दो वाहन जब्त

उदयपुर, (कासं)। डीएसटी एवं पाटिया थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध शराब से भरे दो वाहन जब्त कर पांच तस्करों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में पाटिया थानाधिकारी देवेन्द्र सिंह राव, डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए दो बोलेरों पिकअप वाहन जब्त कर उसमें रखी अवैध 90 कर्टन शराब के जब्त कर कर तस्कर अर्जुन निवासी नान्दवेल डबोक, रोहित निवासी घासा, राजु निवासी घासा, राम प्रकाश निवासी गंगाशहर बीकानेर तथा हनुमान पुत्र तुलसाराम निवासी कोजा धोरीमन्ना बाडमेर को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

पेसिफकि यूनिवर्सिटी में हुआ ओरिएंटेशन प्रोग्राम

फोटो-3उदयपुर में पेसिफकि यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरूआत हुई।

उदयपुर, (कासं)। पेसिफकि यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एज्यूकेशन में फिजिकल एज्यूकेशन के बी.पी.एड एवं एम.पी.एड सत्र - 2025 -26 का दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम की गुरूवार को शुरूआत हुई।

प्राचार्य, डॉ हेमंत पंड्या शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय ने सभी अतिथिओं का स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रो. हेमंत कोठारी (प्रेसिडेंट पाहेर यूनिवर्सिटी) ने छात्रों को जीवन में आगे बढने हेतु संयमित जीवन और निश्चित गोल बनाकर अपने लक्ष्य के प्रति आग्रसर होने के लिए प्रेरित किया साथ ही कहा कि अध्यापक समाज व देश के लिये अपनी अहम् भूमिका निभाता है। प्रो. दिलेन्द्र हिरण , चेयरमेन, फैकल्टी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने अपने वक्तव्य में कहा कि अध्यापक की भूमिका अँधेरे से उजाले कि ओर प्रेरित करने कि होती है जो प्रत्येक छात्र को उर्जावान बनाता है साथ ही डॉ टी.पी. आमेटा, डायरेक्टर, पेसिफिक कॉलेज ऑफ

- **प्रो. दिलेन्द्र हिरण ने कहा कि अध्यापक की भूमिका अँधेरे से उजाले कि ओर प्रेरित करने कि होती है जो छात्र को उर्जावान बनाता है**

सोशल साइंस एंड हुमेनिटी ने अपने वक्तव्य में स्वामी विवेकानंद का उदहारण देकर छात्रों को प्रेरित किया, इसी कड़ी में डॉ कपिलेश तिवारी, प्राचार्य, पेसिफिक कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन ने कहा कि एक छात्र का निर्माण करने में एक अध्यापक कि मुख्य भूमिका होती है।

उन्होंने कहा कि एक शिक्षक अंदर से नरम और बाहर से कठोर होता है तब जाकर छात्र का सुदृढ तरीके से निर्माण होता है। धन्यवाद का ज्ञापन डॉ नीलम यादव व संचालन डॉ जयश्री मंडोवरा ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षा संकाय के सदस्य उपस्थित थे।

पशुओं के संरक्षण संवर्धन का लिया संकल्प

उदयपुर, (कासं)। राजकीय पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान के उपनिदेशक डॉ सुरेन्द्र छंगाणी ने बताया कि गोपाष्टमी के अवसर पर पशुपालन डिप्लोमा के विद्यार्थियो ने गौवंश के पशुओ के संरक्षण संवर्धन एवं विकास का संकल्प लिया।

डॉ छंगाणी ने इस अवसर पर कहा कि पशुधन हमारी भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का अभिन्न अंग है, इससे गौवंश के पशुओ का अत्यधिक महत्व है। डॉ छंगाणी ने बताया कि देश में कुल 19.26 करोड, गौवंश के पशु है। देश के कुल गौवंश पशु का 7.27 प्रतिशत अर्थात 1.39 करोड गौवंश के पशु राज्य में है। गौवंश के पशु ग्रामीण क्षेत्रो में अधिकांश ग्रामीणो के आजीविका का साधन है ये हमे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से लाभान्वित् करते है। अतः गौपाष्टमी के अवसर पर हमे यह संकल्प लेना चाहिए कि ये निरोगी, स्वस्थ रहे उनके प्रति दया प्रेम करुणा का भाव रखते हुए संवेदनशील बने।

गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में कार्यशाला आयोजित

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में स्कील अप-रहायनोलॉजी कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला के ओर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ अनामिका (ईएनटी कंसल्टेंट गीतांजली हॉस्पिटल) ने बताया कि कार्यशाला का शुभारम्भ डॉ संगीता गुप्ता (डीन, गीतांजलि मेडिकल कॉलेज), डॉ हरप्रीत सिंह (एमएस गीतांजली हॉस्पिटल), डॉ मनजिंदर कौर (एडिशनल प्रिंसिपल), डॉ वी पी गोयल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। गीतांजली ग्रुप एवं डब्ल्यूएओआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से 70 से अधिक ईएनटी चिकित्सकों ने भाग लिया।

कार्यशाला में मुंबई एवं अंतर-राष्ट्रीय प्रसिद्ध ईएनटी सर्जन डॉ रेनुका ब्राडू मुख्य डाईसेक्टर रहे। डब्ल्यूएओआई अध्यक्ष डॉ कल्पना नागपाल (दिल्ली), डॉ लीना जैन (भीलवाडा), डॉ इन्दू शुक्ला (लखनऊ), डॉ आशिमा सक्सेना (हरियाणा), डॉ हिमांशु जोशी, डॉ आर्ची जैन एवं उदयपुर की स्मस्त ए एन टी फैकल्टी मेंटर के रूप में मौजूद रहे। कार्यशाला में देश के विभिन्न हिस्सों से आये प्रतिभागी चिकित्सको ने इंडोस्कोपिक साइनस सर्जरी का मानव कैडेवर पर प्रायोगिक प्रशिक्षण लिया। इस कार्यशाला के माध्यम से सर्जनों को एण्डोस्कोप द्वारा नाक एवं साइनस की जटिल शल्य प्रक्रिया की तकनीक का सीधा अनुभव प्राप्त हुआ।

उदयपुर में गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में कार्यशाला आयोजित की गई।

लेकसिटी में जारी रहा बूंदाबांदी का दौर

- **ठंडक और बढ़ी, एक नवंबर से धूप खिलने की संभावना, झाडोल में हुई आधा घंटे तेज बारिश**
- **12 घंटे में 6.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई**

उदयपुर, (कासं)। लेकसिटी में गुरुवार को भी सुबह से बादल छाए हुए और हल्की बूंदाबांदी थी और दोपहर बाद शहर में हल्की बारिश का दौर शुरू हुआ। झाडोल में भी अच्छी बारिश हुई। इसके साथ ही मौसम में ठंडक और बढ गई है। सर्दी के मौसम में बारिश से लोग परेशान हो गए हैं।

डबोक स्थित मौसम विभाग के अनुसार शाम 5.30 बजे समाप्त 12 घंटो में 6.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। उदयपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार तडके से बूंदाबांदी का दौर जारी है। इससे ठंड बढ गई है।

तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। दोपहर में शहर के कई इलाकों में रिमझिम बारिश हुई तो कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई थी। उदयपुर के झाडोल में सुबह से बारिश का दौर जारी रहा। कस्बे में बारिश के बीच मौसम में ठंडक बढ गई है।

करीब साढे ग्यारह बजे से करीब आधे घंटे तक तेज बारिश हुई।शहर में पिछोला झील किनारे सुबह से धुंध भी छाई हुई और ठंडी हवाओं के साथ वहां मॉर्निंग वॉक करने आए लोग भी गर्म कपडों के साथ दिखे।

उदयपुर का अधिकतम तापमान 22.2 और न्यूनतम तापमान 20.02 डिग्री से. रहा है। मौसम एक्सपर्ट बताते है कि अरब सागर में बने चक्रवात के इस सिस्टम का असर 31 अक्टूबर को भी रहेगा और 1 नवंबर से मौसम ड्राई रहेगा और धूप खिलने की संभावना है।

जीजीटीयू में राष्ट्रीय एकात्मता विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी 4 नवम्बर को

बांसवाड़ा, (निसं)। गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय एवं वर्ड एसोसिएशन ऑफ़ हिन्दू एकडीमिशियंस के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 4 नवम्बर 2025, कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी को राष्ट्रीय एकात्मता विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह संगोष्ठी विश्वविद्यालय परिसर स्थित राणा पूंजा सभागार में होगी जिसमें देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, चिंतक एवं युवा शोधार्थी सहभागी होंगे।

संगोष्ठी की तैयारियों के क्रम में आज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. केशव सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम के ब्रोशर का विमोचन किया। विश्वविद्यालय की कुलसचिव कश्मी कौर रौंन, परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रमोद वैष्णव, अकादमिक प्रभारी प्रो. शफकत राना, शोध निदेशक प्रो. नरेन्द्र पानेरी, सम्बद्धता प्रभारी अधिकारी डॉ. राकेश डामोर, प्राचार्य अभियांत्रिकी डॉ. अर्पित पाठक, सहायक कुलसचिव परीक्षा डॉ. लोकेन्द्र कुमार, खेल सलाहकार अनिल शर्मा मौजूद रहे। संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कुलगुरु प्रो. ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय एकात्मता केवल एक शैक्षिक विमर्श नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की अभिव्यक्ति है। विविधता में निहित एकात्म चेतना ही हमारे राष्ट्र की सबसे बडी शक्ति है।

बांसवाड़ा के जीजीटीयू में राष्ट्रीय एकात्मता विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिये ब्रोषर का विमोचन करते कुलपति प्रो. डॉ. केशव सिंह ठाकुर।

संगोष्ठी में जनजातीय गौरव एवं संस्कृति सत्र में भारत के जनजातीय नायक, उनकी धार्मिक एवं सांस्कृतिक पारंपरिक ज्ञान, लोककला और सामाजिक योगदान पर विचार होगा। यह विविधता में एकात्म दृष्टि को रेखांकित करेगा। राष्ट्र की संकल्पना सत्र में भारतीय चिंतन में राष्ट्र केवल राजनीतिक इकाई नहीं, बल्कि संस्कार, संस्कृति और साझा चेतना का जीवंत प्रतीक है। यह सत्र भारत की परंपरागत राष्ट्रकल्पना भाषा अनेक भाव एक पंथ एक गंतव्य एक सहित अनेक विषयों को आधुनिक संदर्भों से जोड़ेगा। राष्ट्र के विकास में युवाओं की भूमिका सत्र में युवा पीढ़ी राष्ट्र की आत्मशक्ति है यह सत्र रचनात्मक नेतृत्व, नवाचार, स्वावलंबन और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ संस्कारित युवा से राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर केंद्रित रहेगा।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े होंगे। वहीं अतिथि के रूप में राष्ट्रीय जनजातीय आयोग अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य, राष्ट्रीय जनजातीय आयोग सदस्य प्रकाश चंद्र उईके, उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत,यूनेस्को एजीआइपी अध्यक्ष डॉ. भगवती प्रसाद शर्मा, हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय जयपुर के कुलगुरु प्रो. डॉ. नन्द किशोर पाण्डेय, जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र निदेशक आशुतोष भटनागर, विश्व हिंदू परिषद संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे, राष्ट्रीय संयोजक डॉ नचिकेता तिवारी व प्रो डॉ. रेखा नागर भिलाला मौजूद रहेंगे।

घायल युवक की मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के धानमण्डी थाना क्षेत्र में हुए हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार धानमण्डी थाना क्षेत्र अश्विनी बाजार में राह चलते गिरने पर लुकमानी मेंशन बोहरवाडी हॉल खटीकवाड़ा निवासी मुर्तजा (49) पुत्र इशाक अली टीन वाला गंभीर घायल हो गया जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। एएसआई चन्द्रदीप ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

पीएचडी की उपाधि : उदयपुर। राजस्थान विद्यापीठ विवि ने शिक्षा संकाय में मीना भारती को समायोजन एवं समस्याओं का अध्ययन पर शोध कार्य करने पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की।

NAME CHANGE
I have changed my name from Rajjak Mohmmad to Rajjak Mohammad for all purposes R/o Pithawadi Kala, Chhoti Sadri, Pratapgarh (Raj.)

शहरी सेवा शिविर के फॉलोअप कैंप 3 नवंबर से

उदयपुर, (कासं)। राज्य सरकार ने शहरी सेवा शिविर के तहत प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में फॉलोअप कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया है। नगर विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार फॉलोअप कैंप 3 से 7 नवम्बर तक आयोजित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि शहरी सेवा शिविर का आयोजन 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक किया गया था। इस अवधि में प्राप्त आवेदनों/प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के उद्देश्य से फॉलोअप शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। आदेशानुसार फॉलोअप शिविरों के दौरान जिन प्रकरणों में मांग पत्र जारी हो चुका है, उनमें शिविर अवधि में पात्रता के अनुसार राशि जमा करवाकर निस्तारण किया जाएगा।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

निम्बाहेड़ा शाखा, कैंची चौराहा
निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान-312601
ई-मेल: nimbah@bankofbaroda.com

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
''परिशिष्ट-IV-क'' [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जैसी है जहां है'', ''जो है जैसी है'' और ''जितनी भी उपलब्ध है'' के आधार पर बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसुली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

क्र./ लोट नं.	ऋणियों/जमानतदारों/ बंधककर्ताओं के नाम एवं पते	ज्ञात संपत्ति के साथ अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो	कुल बकाया राशि मांग पत्र के अनुसार	ई-नीलामी की दिनांक ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि (ईएमडी) बोली वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (सांकेतिक/ वास्तविक)	संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय
1.	श्री मोहम्मद यूसुफ खान पुत्र श्री अब्दुल लतीफ खान गाडरियां मोहल्ला, वाई नं. 18, निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312601 सह-ऋणी- श्रीमती शमा बेगम पत्नी स्व. श्री अब्दुल लतीफ खान गाडरियां मोहल्ला, वाई नं. 18, निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312601 श्रीमती तंजीला बी पत्नी श्री मोहम्मद यूसुफ खान गाडरियां मोहल्ला, वाई नं. 18, निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312601 स्व. श्री अब्दुल लतीफ खान पुत्र श्री अब्दुल हमीद खान जरिये कानूनी वारिस- श्री अयूब खान पुत्र स्व. श्री अब्दुल लतीफ खान मकान नं. 20, वाई नं. 14, निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312601 श्री यूनुस खान पुत्र स्व. श्री अब्दुल लतीफ खान मकान नं. 20, वाई नं. 14, निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312601	स्व. श्री अब्दुल लतीफ खान पुत्र श्री अब्दुल हमीद खान के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति जो वाई नं. 18, गाडरियां मोहल्ला, निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312601 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 754 वर्ग फीट है। सीमाएं- पूर्वः रोड़, पश्चिमः तेलियों का नोहरा, उत्तरः जमिला का मकान, दक्षिणः मुन्ना बाई का मकान अन्य ऋण भारः ज्ञ